# VINAYAK VANIJYA LIMITED

Registered Office: Flat No. 28, Stilt Floor, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi-110019,
Website: www.vinayakvanijya.com, Phone: 011 – 4367 5500, Email id: vvanijya1985@gmail.com
CIN: L52110DL1985PLC020109

**Date: 01.06.2023**

To,
The Deputy General Manager
Corporate Services
**BSE Limited**
Floor 25, P.J. Towers
Dalal Street, Fort Mumbai-400 001

**Scrip Code: 531887**

**Sub:Intimation under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015- Newspaper Publication**

**Dear Sir/Madam,**

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, enclosed please find herewith copies of the Newspaper Advertisement of theUnaudited Standalone Financial Results of the company for the quarter and year ended 31st March, 2023 as was approved in the Board meeting held on Tuesday, 30th May, 2023 (commenced at 04:00 P.M. and concluded at 06:15 P.M.), published in "Business Standard" (English) and in "Business Standard" (Hindi) on 01st June, 2023.

This is for your information and record.

**Thanking You,**
**For Vinayak Vanijya Limited**

MUKHTAR SINGH
Digitally signed by MUKHTAR SINGH
Date: 2023.06.01 17:14:57 +05'30'

**Mukhtar Singh**
**Director**
**DIN: 06525800**


**Place: Delhi**

Encl.: As above

## खबरों में रहे स्टॉक




### डिक्सन टेक्नोलॉजिज इंडिया




मोबाइल फोन विनिर्माण और निर्यात के लिए श्याओमी इंडिया संग साझेदारी

₹ 3,682.0 पिछला बंद भाव
₹ 3,878.5 आज का बंद भाव
5.3 % ▲


### हिमाद्रि स्पेशलिटी केमिकल




ऑस्ट्रेलिया की सिकोना बैटरी टेक्नोलॉजीज में किया महत्त्वपूर्ण निवेश

₹ 125.8 पिछला बंद भाव
₹ 127.8 आज का बंद भाव
1.6 % ▲


### बिड़लासॉफ्ट




जेडी एडवर्ड्स वर्कलोड्स स्थानांतरित करने के लिए बीक्लाउड+ की शुरुआत

₹ 336.6 पिछला बंद भाव
₹ 344.6 आज का बंद भाव
2.4 % ▲


### टॉरंट फार्मास्युटिकल्स




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 287 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया

₹ 1,714.8 पिछला बंद भाव
₹ 1,844.4 आज का बंद भाव
7.6 % ▲

### रतनइंडिया एंटरप्राइजेज




रिवोल्ट मोटर्स ने एक ही दिन में देश भर में की 11 डीलरशिप की शुरुआत

₹ 37.6 पिछला बंद भाव
₹ 37.9 आज का बंद भाव
1.0 % ▲

## संक्षेप में

### आरएचआई मैग्नेसिटा को 679 करोड़ रु का घाटा

आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया को बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 678.90 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। खर्च बढ़ने की वजह से कंपनी को घाटा उठाना पड़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 99.83 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में रिफ्रैक्टरी कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 881.29 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 592 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कंपनी का खर्च 461.24 करोड़ रुपये से बढ़कर 903.85 करोड़ रुपये हो गया। *भाषा*

### पीटीसी इंडिया ने किए बिजली खरीद समझौते

बिजली कारोबार से जुड़ी पीटीसी इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राजीव के मिश्रा ने कहा है कि कंपनी ने दीर्घकालीन आधार पर 215 मेगावॉट बिजली खरीद को लेकर दो समझौते किये हैं। उन्होंने कहा कि पहला समझौता 100 मेगावॉट सौर बिजली खरीद को नेकर ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल्स के साथ जबकि दूसरा समझौता 115 मेगावॉट तापीय बिजली के लिये वीएस लिग्नाइट के साथ किया गया है। दोनों समझौते हाल में दीर्घकालीन आधार पर किये गये हैं। पीटीसी इंडिया विभिन्न वितरण कंपनियों, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बिजली का विपणन करेगी। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 17.67 प्रतिशत घटकर 129.34 करोड़ रुपये रहा। *भाषा*

# वेदांत समूह ने चुका दी बॉन्ड की रकम

**देव चटर्जी**
मुंबई, 31 मई

वेदांत समूह की मूल कंपनी वेदांत रिसोर्सेज ने बुधवार को 1.4 अरब डॉलर के बॉन्ड की रकम चुका दी है। मई और जून में देय इन बॉन्डों का भुगतान करने से कंपनी का सकल कर्ज घटकर 6.4 अरब डॉलर रह गया। कंपनी ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

लंदन की वेदांत रिसोर्सेज ने कहा कि मार्च 2022 में कर्ज कम करने के लक्ष्य की घोषणा के बाद से उसने सकल कर्ज में 3.3 अरब डॉलर की कमी की है।

वेदांत समूह का लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-2024 में कर्ज को और कम करते हुए पूरी तरह खत्म कर देना है।

समूह ने कहा, 'खासकर भारत में जबरदस्त मांग की उम्मीद और प्रमुख वैश्विक बाजारों में दमदार प्रदर्शन से इसमें मदद मिलेगी।'

बयान में कहा गया है कि मार्च 2023 तक वेदांत का सकल कर्ज 7.8 अरब डॉलर था। इससे पहले मार्च 2022 के अंत तक यह 9.7 अरब डॉलर था।

समूह ने जेपी मॉर्गन चेज और ओकट्री कैपिटल से 85 करोड़ डॉलर का नया कर्ज लिया है। साथ ही इसने ग्लेनकॉर से भी अलग से 25 करोड़ डॉलर का ऋण लिया है। ऋण के बदले में समूह ने वेदांत लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी पूरी हिस्सेदारी गिरवी रखी है।

विश्लेषकों को उम्मीद है कि नए ऋणों पर वेदांत रिसोर्सेज के मौजूदा बॉन्ड की तुलना में लागत से अधिक ब्याज लगेगा। क्रेडिटसाइट्स के विश्लेषक ने कहा, 'ऋण चुकाने में चूक से बचने के लिए वीआरएल द्वारा पर्याप्त धन जुटाने की इच्छा से हमें उम्मीद जगी है। वित्त वर्ष 2023 में वेदांत लिमिटेड की आय हमारी उम्मीद से बेहतर रही और विभिन्न कारोबारी इकाइयों की बाधाएं दूर होने और क्षमता विस्तार के कारण वित्त वर्ष 2024 के लिए उत्पादन का अनुमान भी पिछले साल के मुकाबले काफी अधिक है।'




वेदांत रिसोर्सेज ने 1.4 अरब डॉलर के बॉन्ड चुका दिए हैं। मई और जून में देय इन बॉन्ड का भुगतान करने से कर्ज घटकर 6.4 अरब डॉलर रह गया है

# सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई के लिए नए आवेदन आमंत्रित

**सौरभ लेले और सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 31 मई

### 1 जून से होगा आवेदन

- वेदांत रिसोर्सेज और फॉक्सकॉन के बीच संयुक्त उद्यम को प्रोत्साहन लाभ से इनकार
- पहली बार घोषित योजना के बाद संयुक्त उद्यम 9 महीने में संयंत्र के लिए प्रौद्योगिकी साझेदार की तलाश में रहा था विफल

**केंद्र** सरकार ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण फैब स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन की मांग के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए हैं। महत्वाकांक्षी सरकारी कार्यक्रम के तहत वेदांत रिसोर्सेज और फॉक्सकॉन के बीच संयुक्त उद्यम को कथित तौर पर प्रोत्साहन से इनकार किए जाने के बाद ऐसा किया जा रहा है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने वेदांत-फॉक्सकॉन के प्रस्तावित 28 नैनोमीटर सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई के लिए प्रोत्साहन देने से इनकार करने का फैसला किया है। संयुक्त उद्यम द्वारा पहली बार घोषित की गई योजनाओं के बाद नौ महीने में फैब्रिकेशन संयंत्र के लिए कोई प्रौद्योगिकी साझेदार या लाइसेंस विनिर्माण-ग्रेड प्रौद्योगिकी की तलाश करने में विफल रहा था। इसके बाद यह फैसला किया गया।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के संबंध में ट्विटर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा 'आईए-सएम (इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन) @ सेमिकॉन_इंडिया आज इस बात की घोषणा कर रहा है कि वह नए और मौजूदा आवेदकों से फैब्स के लिए नए आवेदन स्वीकार करना और उन पर विचार करना शुरू करेगा।' हालांकि वेदांत और फॉक्सकॉन का यह संयुक्त उद्यम मंजूरी के लिए सरकार के मानदंडों को पूरा करने के वास्ते नया आवेदन कर सकता है, लेकिन विनिर्माण इकाई की विकास लागत का 50 प्रतिशत प्रोत्साहन हासिल करने में देरी को झटका माना जा रहा है। इस प्रोत्साहन के लिए दोबारा आवेदन करने की योजना के संबंध में वेदांत से किए गए सवाल पर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं मिला।

चंद्रशेखर ने कहा कि अब रणनीति 40 नैनोमीटर से अधिक के विकसित नोड को भी प्रोत्साहित कर रही है। मौजूदा और नई कंपनियां उन विभिन्न नोड में नए सिरे से आवेदन कर सकती हैं, जिनके लिए उनके पास प्रौद्योगिकी है। उम्मीद की जाती है कि कुछ मौजूदा आवेदक दोबारा आवेदन करेंगे और नए निवेशक भी आवेदन करेंगे।

सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए 10 अरब डॉलर की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू में छोटे नोड वाले सेमीकंडक्टर के उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित थी। सरकार ने सितंबर 2022 में सेमीकंडक्टर की पीएलआई योजना को संशोधित किया था। इसमें सभी सेमीकंडक्टर नोड के लिए परियोजना लागत का एक-समान 50 प्रतिशत प्रोत्साहन निर्धारित कर दिया गया, जो पहले विभिन्न नोड के लिए 30, 40 और 50 प्रतिशत प्रोत्साहन था।

देश में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए नए आवेदन 1 जून से दिए जा सकते हैं। आवेदन देने की सुविधा दिसंबर 2024 तक खुली है।

# पट्टा कंपनियों की अर्जी 'खारिज' दिखी

**नागरिक** उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आज दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि उसके पोर्टल पर तकनीकी गड़बड़ी के कारण गो फर्स्ट के कई विमान पट्टादाताओं के विमानों का पंजीकरण रद्द करने के आवेदनों को 'खारिज' के तौर पर दिखाया गया था।

उड्डयन नियामक ने कहा कि दिवाला समाधान की कार्यवाही के मद्देनजर वित्तीय दायित्वों पर रोक और संकटग्रस्त एयरलाइन की संपत्ति के हस्तांतरण के बाद वह इस तरह के अनुरोधों को संसाधित नहीं कर रहा था। अधिस्थगन के कारण पट्टेदार वाहक को पट्टे पर दिए गए विमान का पंजीकरण रद्द करने और उसे वापस लेने में असमर्थ हैं। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने डीजीसीए के वकील से पूछा कि कब्जे के अनुरोध पर अलग-अलग पट्टेदारों को अलग-अलग प्रतिक्रियाएं क्यों भेजी गईं।

अदालत ने पूछा, भेद क्यों है? 7-8 याचिकाएं हैं और उनमें से हर एक का अलग-अलग जवाब है। ऐसा क्यों? अदालत ने डीजीसीए के वकील से गुरुवार को प्रत्येक याचिकाकर्ता पट्टेदार के संबंध में दस्तावेज पेश करने को कहा। *भाषा*

SHRIRAM HOUSING FINANCE

**श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**लेवल 3, वोखार्ट टावर्स, ईस्ट विंग, सी-2, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400 051, टोल फ्री: 1800-102-4345**
**ईमेल: contact@shriramhousing.in, वेबसाइट: www.shriramhousing.in**

**सार्वजनिक सूचना**

इस सूचना के आधार पर, श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सभी ग्राहकों को जोधपुर शाखा, राजस्थान के पते में 1 सितंबर, 2023 से परिवर्तन के बारे में सूचित किया जाता है।

| शाखा नाम | वर्तमान कार्यालय का पता | नये कार्यालय का पता |
|---|---|---|
| जोधपुर | दूसरी मंजिल, मनदीप टॉवर, प्लॉट नंबर 131, रेजीडेंसी रोड, जोधपुर - 342003, राजस्थान | दूसरी मंजिल, गांधी टॉवर, 133, सिंधी कॉलोनी, शास्त्री नगर, जोधपुर - 342002 राजस्थान |

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए, कृपया टोल फ्री नंबर के माध्यम से हमसे संपर्क करें/हमें एक ईमेल भेजें/ऊपर दिए गए पते पर हमारी शाखा में जाएँ।

**दिनांक: 1 जून, 2023** — **श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए**
**स्थान: जोधपुर** — **प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

**विनायक वाणिज्य लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय:** फ्लैट नं. 28, स्टिल्ट फ्लोर, देविका टॉवर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
**वेबसाइट:** www.vinayakvanijya.com, **फोन:** 011 – 4367 5500, **ईमेल आईडी:** vvanijya1985@gmail.com,
**सीआईएन:** L52110DL1985PLC020109

**(31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का सारांश**
**[सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 का विनियम 47(1) (बी)]**

(रु. लाख में, ईपीएस छोड़कर)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) |
| परिचालनों से कुल आय | 2.32 | 2.80 | 3.07 | 11.15 | 12.89 |
| अन्य आय | 0.30 | 0.05 | 0.10 | 0.42 | 0.10 |
| अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 1.32 | -0.43 | -1.66 | -3.86 | 2.21 |
| कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | 1.32 | -0.43 | -1.66 | -3.86 | 2.21 |
| कर उपरांत अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | -0.28 | -0.43 | -2.21 | -2.82 | 1.66 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) से समाविष्ट) | -0.28 | -0.43 | -2.21 | -2.82 | 1.66 |
| समता अंश पूंजी | 99.60 | 99.60 | 99.60 | 99.60 | 99.60 |
| आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में निदर्शितानुसार | - | - | - | 102.55 | 105.36 |
| आय प्रति अंश (रु. 10/- प्रत्येक का) परिचालनरत् एवं अपरिचालित परिचालनों हेतु 1. मूलभूत | (0.03) | 0.04 | (0.23) | (0.29) | 0.17 |
| 2. तरलीकृत | (0.03) | 0.04 | (0.23) | (0.29) | 0.17 |

टिप्पणी : 1. उपरोक्त सारांश, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास फाइलबद्ध त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सारांश हैं। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा कंपनी की वेबसाइट www.vinayakvanijya.com पर उपलब्ध है।

**कृते विनायक वाणिज्य लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(मुख्तार सिंह)**
**(निदेशक)**
**दिनांक : 30-05-2023**
**स्थान : दिल्ली**
**डीआईएन : 06525800**

# अदाणी समूह 3 कंपनियों के शेयर बेचकर जुटाएगा 3.5 अरब डॉलर

### नुकसान से उबरने पर ध्यान

- हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में धोखाधड़ी के आरोप के बाद समूह को हुआ है नुकसान
- उसके बाद समूह विभिन्न उपायों के जरिये स्थिति मजबूत करने में जुटा हुआ है

**उद्योगपति** गौतम अदाणी का समूह अपनी तीन कंपनियों के शेयर संस्थागत निवेशकों को बेचकर तीन अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रहा है। अमेरिकी वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में धोखाधड़ी के आरोप के बाद समूह को भारी नुकसान हुआ है। उसके बाद समूह विभिन्न उपायों के जरिये अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है।

सूत्रों ने बताया कि जहां समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड के निदेशक मंडल पहले से ही पात्र संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 2.5 अरब डॉलर (21,000 करोड़ रुपये) जुटाने को मंजूरी दे चुके हैं, वहीं अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का निदेशक मंडल एक-दो सप्ताह में एक अरब डॉलर जुटाने के लिए मंजूरी दे सकता है।

उन्होंने बताया कि निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद अदाणी एंटर प्राइजेज लिमिटेड और अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड ने शेयरधारकों से मंजूरी मांगी गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का निदेशक मंडल इसे मंजूरी देने के लिए जून के पहले या दूसरे सप्ताह में बैठक कर सकता है। समूह कुल 3.5 अरब डॉलर जुटा सकता है। इससे समूह अपने पूंजीगत खर्चे को पूरा कर सकेगा।

पूंजी जुटाने की प्रक्रिया संग्रह चालू वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पूरी हो सकती है। पूंजी पात्र संस्थागत खरीदारों को शेयर जारी कर जुटायी जाएगी। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार यूरोप और पश्चिम एशिया के निवेशकों ने इसमें अच्छी रुचि दिखाई है। कुछ मौजूदा निवेशक पेशकश स्वीकार कर सकते हैं और कुछ नये निवेशक भी इसमें शामिल हो सकते हैं। *भाषा*

# डेलॉयट ने अदाणी पोर्ट्स के 3 सौदों पर उठाए 'सवाल'

**भाषा**
नई दिल्ली, 31 मई

### इसमें अनुबंधकर्ता से वह वसूली भी शामिल है, जिसका जिक्र हिंडनबर्ग रिपोर्ट में भी किया गया है

**लेखा** परीक्षक और परामर्श कंपनी डेलॉयट ने अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक जोन के खातों पर अपनी टिप्पणी में तीन सौदों को लेकर सवाल खड़ा किया है। इसमें अनुबंधकर्ता से वसूली शामिल है जिसका जिक्र हिंडनबर्ग रिपोर्ट में भी किया गया है।

डेलॉयट हासकिन्स ऐंड सेल्स ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के ऑडिट के बारे में अपनी रिपोर्ट में तीन इकाइयों के साथ सौदे को रेखांकित किया है। इसके बारे में कंपनी का कहना है कि इन इकाइयों का समूह की कंपनियों से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि ऑडिटर ने कहा कि वह कंपनी के बयान को सत्यापित नहीं कर सकती क्योंकि इसके सत्यापन को लेकर कोई स्वतंत्र जांच नहीं हुई है। अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अपनी रिपोर्ट में अदाणी समूह पर धोखाधड़ी, शेयरों में हेराफेरी और धन शोधन का आरोप लगाया था।

इसके साथ उसने संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन को लेकर पर्याप्त खुलासे नहीं किए जाने की भी बात कही थी। हालांकि समूह ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए उसे पूरी तरह से आधारहीन बताया है।

डेलॉयट ने कहा कि अदाणी समूह ने अपने आकलन और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा चल रही जांच के कारण इन आरोपों की स्वतंत्र बाहरी जांच करना आवश्यक नहीं समझा। लेखा परीक्षक कंपनी ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन के वित्तीय विवरण के नोट में कहा है, 'समूह की तरफ से किया गया मूल्यांकन हमारे ऑडिट के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं करता है।'

उसने कहा कि स्वतंत्र रूप से बाहरी जांच के अभाव में और सेबी की जांच लंबित होने के कारण यह टिप्पणी नहीं कर सकता कि क्या कंपनी पूरी तरह से कानून का पालन कर रही थी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा कि उसे नियामक के स्तर पर विफलता या अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के दाम में गड़बड़ी को लेकर कोई संकेत नहीं मिले हैं। डेलॉयट ने जिन सौदों का जिक्र किया है, उसमें इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण खरीद अनुबंध शामिल हैं। इसी बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट में संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन की बात कही गई है। इसमें कहा गया है, '31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार उस अनुबंधकर्ता से शुद्ध रूप से 2,749.65 करोड़ रुपये वसूले जाने हैं।'

इसके अलावा कुछ अन्य पक्षों के साथ इक्विटी समेत वित्तीय लेन-देन के मामले थे। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में इसे संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन बताया गया है। हालांकि समूह ने हमें जो जानकारी दी है कि उसके अनुसार वे संबद्ध पक्ष नहीं है।

डेलॉयट ने वित्तीय लेन-देन के बारे में कहा कि इन मामलों में कोई बकाया शेष नहीं है।

# आईईपीएफए पहुंचा कंपनियों के पास

**रुचिका चित्रवंशी**
मुंबई, 31 मई



### निवेशक दावा प्रक्रिया होगी आसान

- अपने शेयरों का दावा करने वाले व्यक्तियों के लिए दस्तावेज प्रक्रिया होगी आसान
- जिन निवेशकों का आवेदन एक साल पहले मंजूर किया गया था, लेकिन अब तक स्थानांतरण नहीं हुआ है, उन्हें मिलेगी प्राथमिकता

**निवेशक** शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) शीर्ष 100 कंपनियों तक पहुंचा है ताकि अपने शेयरों का दावा करने की कोशिश कर रहे व्यक्तियों के लिए जरूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को कम किया जा सके। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग मामले पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के इन दावों को मंजूरी देने में आईईपीएफए के सामने पेश आने वाली क्षमता की कमी जैसे मसलों को उठाया था।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारी तत्काल प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जिन निवेशकों के आवेदन को एक साल पहले मंजूर किया गया था, लेकिन अब तक स्थानांतरण नहीं हुआ है, उनके दावों को पहले निपटाया जाए। हम जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी सभी शिकायतों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। आईईपीएफए के पास तकरीबन 5,000 कंपनियों (ऊपर जिन शीर्ष 100 फर्मों का उल्लेख किया गया है, वे इन्हीं का हिस्सा हैं) के बिना दावे वाले शेयर हैं, जिनमें से ज्यादातर रिलायंस समूह से संबंधित हैं। इन शेयरों के संबंध में दावा करना लंबी प्रक्रिया है, जिसमें विस्तृत दस्तावेज प्रक्रिया और पुनः सत्यापन शामिल है।

साथ ही आईईपीएफए ने निवेशकों से कहा है कि वे इन दावों को पेश करने के लिए कोई पेशेवर मदद न लें क्योंकि सरकार को इस बात की चिंता है कि क्षेत्र में जांच और नियंत्रण की कमी के कारण बेईमान एजेंट लोगों से मोटा कमीशन वसूलकर हालात का फायदा उठा सकते हैं।

हालांकि कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या दावेदारों को दस्तावेज और अन्य प्रक्रियाओं में मदद करने के लिए पेशेवर मदद की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। आईपीईएफए जल्द ही लोगों की मदद के लिए पांच क्षेत्रीय सेवा केंद्र या सहायता केंद्र भी शुरू कर रहा है।

फिलहाल प्राधिकरण को जिन बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनमें से एक है श्रमशक्ति की कमी, जो अक्सर ही इसके शिकायत निवारण तंत्र को धीमा कर देती है।

जैसा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में घोषणा की थी, एक सरकारी एजेंसी तकनीकी गड़बड़ियों को हल करने के लिए एक एकीकृत आईटी पोर्टल विकसित कर रही है। यह पोर्टल दिसंबर 2023 तक पेश किए जाने की उम्मीद है। पोर्टल उन कई अन्य प्रणालियों के साथ तालमेल करेगा, जो बिना भुगतान वाले लाभांश का दावा करने की प्रक्रिया में शामिल हों। इनमें सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड और नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड आदि शामिल हैं।

विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में विभिन्न तकनीकी प्लेटफार्मों में तालमेल की कमी को मसले के रूप में चिह्नित किया गया था। इससे विभिन्न विभागों के बीच काफी भाग-दौड़ करनी पड़ती है और दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करानी पड़ती है, जिससे देर होती है तथा प्रक्रिया जटिल होती है।

आईईपीएफए की स्थापना कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के तहत निवेशक, शिक्षा, जागरूकता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं